**SET – 4**

**Series : ONS/1**

**कोड नं.**
**Code No. 40/1**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# विधिक अध्ययन

# LEGAL STUDIES

*निर्धारित समय : **3** घंटे* | *अधिकतम अंक : **100***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **100***

**सामान्य निर्देश :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।*

*(ii) **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iii) प्रश्न संख्या **1** से **8** बहुविकल्पी प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **1** अंक निर्धारित हैं ।*

*(iv) प्रश्न संख्या **9** से **14** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **2** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **50** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(v) प्रश्न संख्या **15** से **20** लघु उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **4** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vi) प्रश्न संख्या **21** से **24** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **5** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **150** शब्दों से अधिक न हो ।*

*(vii) प्रश्न संख्या **25** से **30** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए **6** अंक निर्धारित हैं । इनमें से प्रत्येक का उत्तर **200** शब्दों से अधिक न हो ।*

***General Instructions :***

*(i) There are **30** questions.*

*(ii) **All** the questions are compulsory.*

*(iii) Questions No. **1** to **8** are multiple choice questions carrying **1** mark each.*

*(iv) Questions No. **9** to **14** are short answer questions carrying **2** marks each. Answer to each of these should not exceed **50** words.*

*(v) Questions No. **15** to **20** are short answer questions carrying **4** marks each. Answer to each of these should not exceed **100** words.*

*(vi) Questions No. **21** to **24** are long answer questions carrying **5** marks each. Answer to each of these should not exceed **150** words.*

*(vii) Questions No. **25** to **30** are long answer questions carrying **6** marks each. Answer to each of these should not exceed **200** words.*

1. भारतीय संसद द्वारा पारित एक संशोधन के द्वारा भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित संघीयता के विचार को समाप्त कर दिया । भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा इस संशोधन को अवैध मान लिया गया । यहाँ किस सिद्धांत/मत के आधार पर भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा उक्त संशोधन को अवैध करार दिया गया ?

(क) प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत

(ख) अधिकारों के वियोजन का सिद्धांत

(ग) आधारभूत ढाँचे का सिद्धांत

(घ) विधिसम्मत अपेक्षा का मत **1**

A constitutional amendment was passed by Indian Parliament which curtailed the concept of 'Federalism' enshrined in the Indian Constitution. This amendment was held to be invalid by the Supreme Court of India. Here, by virtue of which theory / doctrine, the Supreme Court of India has invalidated the said constitutional amendment ?

(a) Principle of Natural Justice

(b) Theory of Separation of Powers

(c) Doctrine of Basic Structure

(d) Principle of Legitimate Expectation

2. पी.वी. कॉलोनी के निवासी नागरिक सुविधाओं के लिए म्युनिसिपल विभाग को पिछले तीन वर्षों से भुगतान कर रहे हैं । मानसून के दौरान सड़कों पर दरारें पड़ गईं और गड्ढे बन गए, लेकिन म्युनिसिपल विभाग ने, जिस पर इसकी व्यवस्था करने का उत्तरदायित्व था, निरंतर स्मरण कराने पर भी निवासियों की सारी प्रार्थनाओं की अवहेलना की । अनुच्छेद 32/226 के अंतर्गत पी.वी. कॉलोनी के निवासियों को क्या तात्कालिक राहत उपलब्ध है ?

(क) हैबियस कॉर्पस याचिका

(ख) को-वारंटो याचिका

(ग) रिट-ऑफ-मैंडेमस

(घ) रिट-ऑफ-सर्टियोरेरी **1**

The residents of P.V. Colony have been paying for civic facilities to Municipal Department for last three years. During monsoons the roads developed cracks and pit holes. The residents requested for repair of the roads. However Municipal Department, which has the responsibility to provide for this ignored all requests of the residents in spite of continuous reminders. What immediate remedy is available to the residents of P.V. Colony under Article 32/226 of Indian Constitution ?

(a) Writ of Habeas Corpus

(b) Writ of Quo-Warranto

(c) Writ of Mandamus

(d) Writ of Certiorari

3. कानूनों के टकराव (कंफ्लिक्ट ऑफ लॉज़) के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपयुक्त नहीं है ?

(क) यह नियमों और सिद्धांतों का एक समुच्चय है जो अंतरराज्यीय पारस्परिक कार्यों का संचालन करता है ।

(ख) आधारभूत उद्देश्य नियमों-विनियमों का एक ढाँचा प्रस्तुत करता है जो अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बढ़ाने में सहायक हो ।

(ग) यह एक निकाय है जो राज्य की परंपराओं, आदर्श कानूनों और घरेलू कानूनों से बना है ।

(घ) यह किसी विशिष्ट मामले में न्यायिक क्षेत्र के लागू करने जैसे मुद्दों से संबंधित है । **1**

Which of the following statements does not hold good for "Conflict of Laws" ?

(a) It is a set of rules and principles that govern interstate interactions.

(b) Its primary objective is to provide for a framework of rules and regulations which help in fostering international relations.

(c) It is a body constituted of conventions, model laws, domestic laws of state.

(d) It involves issues like application of Jurisdiction in a particular case.

4. तालुका विधि सेवा समिति (TLSC) में सम्मिलित है

(क) उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश अध्यक्ष तथा राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित और भारत के प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत अन्य सदस्य

(ख) वरिष्ठ सिविल जज पदेन अध्यक्ष तथा उच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के परामर्श से राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सदस्य

(ग) वरिष्ठतम न्यायिक अधिकारी पदेन अध्यक्ष के रूप में तथा उच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा राज्य सरकार के परामर्श से निर्धारित अन्य सदस्य

(घ) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश अध्यक्ष के रूप में तथा उच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा निर्धारित और राज्य सरकार द्वारा मनोनीत अन्य सदस्य **1**

Taluk Legal Services Committee (TLSC) consists of :

(a) Judge of Supreme Court as the Chairman, and the other members prescribed by President of India and nominated by the Prime Minister of India.

(b) Senior civil judge as ex officio chairman and other members prescribed by State Government in consultation with the Chief Justice of High Court.

(c) Senior most judicial officer as ex officio chairman and other member prescribed by Chief Justice of High Court in consultation with the State Government.

(d) Judge of High Court as the Chairman, and other members prescribed by Chief Justice of High Court and nominated by State Government.

5. स्मिथ इंग्लेंड का नागरिक है । उसने इंग्लेंड के एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से LL.B. पूरा कर लिया है । वह यहाँ बैरिस्टर के रूप में प्रैक्टिस करना चाहता है । बैरिस्टर के रूप में प्रैक्टिस करने के लिए उसे निम्नलिखित में से किसे पूरा करना होगा ?

(क) लीगल प्रैक्टिस कोर्स (LPC)

(ख) लीगल प्रोफेशनल ट्रेनिंग कोर्स (LPTC)

(ग) बार प्रोफेशनल ट्रेनिंग कोर्स (BPTC)

(घ) बार प्रोफेशनल कोर्स (BPC) **1**

Smith is a citizen of United Kingdom. He had completed LL.B. from recognized University of United Kingdom. He wants to practice as a 'Barrister' here. In order to practice as a 'Barrister', Smith is required to complete which of the following course ?

(a) Legal Practice Course (LPC)

(b) Legal Professional Training Course (LPTC)

(c) Bar Professional Training Course (BPTC)

(d) Bar Professional Course (BPC)

6. प्रखर भारत का नागरिक है और योग्यता प्राप्त एडवोकेट है । सन 2000 में उसे राजस्थान में द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया । किंतु वर्ष 2003 में उसने द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद से त्यागपत्र दे दिया । सन् 2009 में उसने दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस प्रारंभ की । वर्ष 2011 में हरियाणा स्थित पंचकुला चला गया और तब से वह पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय में एडवोकेट के रूप में प्रैक्टिस कर रहा है । 2015 में वह किस नियुक्ति के लिए पात्र है ?

(क) केवल उच्च न्यायालय का न्यायाधीश

(ख) उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय दोनों का न्यायाधीश

(ग) केवल ज़िला जज

(घ) केवल उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश **1**

Prakhar, is a citizen of India and a qualified Advocate. In the year 2000, he was appointed as a Second Class Judicial Magistrate in Rajasthan. But in the year 2003, he resigned from the post of Second Class Judicial Magistrate. He started practising as an Advocate in Delhi High Court in the year 2009. In the year 2011, he shifted to Panchkula located in Haryana and since then he is practising as an advocate in Punjab and Haryana High Court. In 2015 he is eligible to be appointed as ?

(a) High Court Judge only

(b) Both Supreme Court and High Court Judge

(c) District Judge only

(d) Supreme Court Judge only

7. रोहन भारत का नागरिक और मुंबई का निवासी है । वह योग्यता प्राप्त लीगल प्रैक्टिशनर है और मुंबई उच्च न्यायालय में 1992 से वकालत कर रहा है, जहाँ वह केवल मामला तैयार करता है, किंतु न्यायालय में बहस नहीं करता । वह वकीलों के एक भिन्न वर्ग से है, जिसे कहा जाता है

(क) बैरिस्टर

(ख) एटॉर्नी

(ग) एडवोकेट

(घ) सॉलिसिटर **1**

Rohan is a citizen of India and a resident of Mumbai. He is qualified Legal Practitioner and practicing law since 1992, in the Bombay High Court; where he only prepares the case but do not argue in the Court. He belongs to a separate class of legal practitioners, known as :

(a) Barristers

(b) Attorneys

(c) Advocates

(d) Solicitors

8. 15 वर्ष का नितिन अपने कॉटेज को ₹ 10,00,000 में 20 वर्षीय मयंक से बेचने को सहमत हो गया । लेकिन बिक्री के समय कॉटेज का बाज़ार मूल्य ₹ 20,00,000 हो गया । इनके बाद नितिन ने बिक्री के समझौते को टालना प्रारंभ कर दिया । यह कहते हुए कि वह नाबालिग है और बिक्री के समय कॉटेज के हकनामे (टाइटिल) के बारे में न्यायालय में एक वाद लंबित है, उन दोनों ने अपने विवाद के निपटारे के लिए सुश्री कृति को मध्यस्थ नियुक्त किया । इस संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या सही है ?

(क) उपर्युक्त विवाद को मध्यस्थ को सौंपा जा सकता है क्योंकि समझौते संबंधी विवाद मध्यस्थता के लिए सबसे उपयुक्त होते हैं ।

(ख) उपर्युक्त विवाद को मध्यस्थता के लिए नहीं सौंपा जा सकता क्योंकि व्यक्तियों के विशेष वर्गों (नाबालिग, मानसिक विकलांग) को मध्यस्थता के क्षेत्र से अलग रखा गया है ।

(ग) उपर्युक्त विवाद को मध्यस्थता के लिए नहीं सौंपा जा सकता क्योंकि पूर्ति (कंसिडेरेशन) पर्याप्त नहीं थी और इसलिए यह अनुबंध वॉइड-एब-इनिशियो है ।

(घ) उपर्युक्त विवाद मध्यस्थता के लिए सौंपा जा सकता है क्योंकि संपत्ति विवाद मध्यस्थता के लिए सबसे उपयुक्त हैं । **1**

Nitin, aged 15 years, agreed to sell his cottage for ₹ 10,00,000 to Mayank, aged 20 years. However, the market value of the cottage at the time of sale was ₹ 20,00,000. Nitin afterwards avoided the agreement of sale by saying that, he is a minor and a case was also pending before the court regarding the title of the cottage, at the time of sale. They both appointed Ms. Kriti (a mediator) for the settlement of their dispute. In this context, which one of the following is correct ?

(a) The above dispute can be referred to a mediator, as contractual disputes are most suited for mediation.

(b) The above dispute cannot be referred for mediation as case against specific classes of persons (minors, mentally challenged) have been excluded from the scope of mediation.

(c) The above dispute cannot be referred for mediation as the consideration was not adequate and hence contact is *void ab initio*.

(d) The above dispute can be referred to mediation, as property disputes are most suited for mediation.

9. जल बोर्ड के अधिकारी श्री वरुण की सेवाएँ उसे तीन महीने के वेतन का भुगतान करके अधिकारियों के द्वारा समाप्त कर दी गईं । श्री वरुण के विरुद्ध कोई जाँच नहीं की गई और सेवा समाप्ति के आदेश पर भी किसी कारण का उल्लेख नहीं किया गया ।

उपर्युक्त स्थिति में क्या जल बोर्ड के अधिकारी का कार्य न्यायसंगत है या नहीं ? अपने उत्तर के लिए कारणों का उल्लेख भी कीजिए । **2**

Service of Mr. Varun, an officer with Water (Jal) Board was terminated by the authorities by paying him three months salary. No inquiry was conducted against Mr. Varun and also the termination order did not assign any reason of his termination.

In the above situation, the action of Water (Jal) Board authority justified or not ? Give reasons to your answer.

10. भारतीय कॉर्पोरेट निकाय पेरी ऐंड जेनी को. तथा इंग्लेंड के कॉर्पोरेट निकाय रीड ब्रोस ऐंड को. बीच एक विवाद समझौते की बाध्यताओं के बारे में था । इस विवाद के पक्षों ने एक समझौते के द्वारा श्री क्लार्क को अपना विवाद सुलझाने के लिए नियुक्त किया । जब कानूनी कार्रवाइयाँ चल रही थीं, श्री क्लार्क ने रीड ब्रोस ऐंड को. को कुछ अंतरिम राहत प्रदान की । साथ ही अंतिम निर्णय लेते हुए श्री क्लार्क ने कानूनों या पिछले निर्णयों में निर्धारित तर्क का अनुसरण नहीं किया और विवाद का निर्णय अपनी इस धारणा के अनुसार कर दिया कि क्या उचित है और क्या नहीं ।

(क) दी गई स्थिति में श्री क्लार्क की भूमिका की पहचान और व्याख्या कीजिए ।

(ख) क्या श्री क्लार्क के द्वारा दिया गया निर्णय पक्षों पर बाध्यकारी है, क्योंकि उसने कठोरता से कानून का या पिछले निर्णयों के तर्कों का अनुसरण नहीं किया ? अपने उत्तर के लिए तर्क दीजिए । **2**

There was a dispute between Perry & Jenny Co., an Indian body corporate and Reed Bros. & Co., a United Kingdom body corporate regarding a contractual obligation. The parties to the dispute, by way of an agreement, appointed Mr. Clark to resolve their dispute. While the legal proceedings were going on, Mr. Clark granted some interim relief to Reed Bros. & Co., also, while taking final decision, Mr. Clark did not followed the laws or reasoning laid down in earlier decisions, rather decided the disputes according to his conception of what is fair and just.

(a) Identify and explain the role of Mr. Clark, in the given situation.

(b) Is the decision given by Mr. Clark binding on the parties, as he did not strictly follow the law or the reasoning of earlier case decisions ? Give reason for your response.

11. कानूनी सहायता क्या है ? किसी व्यक्ति को उसकी शिकायतों को दूर करने के लिए उपलब्ध दो प्रकार की विधिक सेवाओं का उल्लेख कीजिए । कानूनी सहायता प्रणाली द्वारा संप्रेषित किसी एक मूल्य का उल्लेख कीजिए । **2**

What is "Legal Aid" ? State the two kinds of Legal Services available to a person for his grievance redressal. State any one value communicated by the system of Legal Aid.

12. अनुराग एक योग्यता प्राप्त वकील है और दिल्ली के जिला न्यायालयों में 2002 से वकालत कर रहा है । उन्हें दंड विधि (क्रिमिनल लॉ) के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त हैं । श्री अंकित, जो अपीलकर्ता हैं, ने भारत के उच्चतम न्यायालय में अपील (क्रिमिनल) के लिए विशेष अनुमति दायर के लिए श्री अनुराग को अपना एडवोकेट नियुक्त किया । सुप्रीम कोर्ट के अधिकारियों ने अनुराग को ऐसा करने की अनुमति प्रदान नहीं की ।

यद्यपि श्री अनुराग एक योग्यता प्राप्त वकील थे और दंड विधि के क्षेत्र में उन्हें खास जानकारी विशेषज्ञता प्राप्त थी, फिर भी उन्हें क्रिमिनल अपील दायर करने की अनुमति प्रदान क्यों नहीं की गई ? **2**

Anuraag is a qualified Lawyer practicing since 2002 in various District Courts of Delhi. He is having special knowledge and expertise in the field of Criminal Law. Mr. Ankit (appellant) appointed Mr. Anuraag as his advocate to file a Special Leave to Appeal (Criminal) before the Supreme Court of India. Mr. Anuraag was not allowed by to do so by the filing authorities of the Supreme Court.

Why was Mr. Anuraag not allowed to file the Special Leave to Appeal (Criminal), even though he is a qualified lawyer having expertise and experience in the field of Criminal Law ?

13. किसी विवाद को लोक अदालत को कब सौंपा जा सकता है ? लोक अदालतों के किन्हीं दो अधिकारों का उल्लेख कीजिए । **2**

When can a dispute be referred to Lok Adalat ? State any two powers of Lok Adalats.

14. नीदरलैंड स्थित सौंदर्य प्रसाधनों की कंपनी कैरी ऐंड क्लेयर को. तथा एक भारतीय सौंदर्य प्रसाधन कंपनी स्टार हैवन को. में धन के अंतरण को लेकर एक विवाद उत्पन्न हो गया । विवाद के पक्षों ने एक तीसरे तटस्थ पक्ष मि. हैरी, को विवाद सुलझाने के लिए नियुक्त किया । मि. हैरी ने विवाद निपटान प्रक्रिया में एक अभिभावक की भाँति काम किया और उनका ध्यान पक्षों के विवाद का हल ढूँढकर उनकी सहायता करने पर केंद्रित था किंतु वह कोई निपटारा कर पाने में असफल रहें । विवादी पक्षों ने इसके बाद अपना विवाद हल करने के लिए रोजर्स ऑर्गनाईज़ेशन नामक एक संस्था से संपर्क किया । रोजर्स ऑर्गेनाइज़ेशन ने वित्तीय अंतरण में विशेषज्ञ मि. जेफ़ को उक्त विवाद हल करने के लिए नियुक्त किया ।

उक्त स्थिति में दो प्रकार के वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र (आल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेज़ल्यूशन मेकेनिज़्म) का उल्लेख कीजिए । **2**

A dispute arose between Kerry & Claire Co., a Netherland based Cosmetic Co. and Star Heaven Co, an Indian cosmetic company regarding money transactions. The parties to the dispute appointed Mr. Harry, a neutral third party, for settlement for their dispute. Mr. Harry acted as a guardian of the dispute resolution process and was focused on helping the parties to find solution to their dispute but failed to bring the parties to settlement. The disputing parties then approached an institution named Roger's Organisation for the settlement of their dispute. The Roger's Organisation appointed Mr. Jeff (Financial Transactions expert) to resolve the said dispute.

State the two types of Alternate Dispute Resolution Mechanism in the above situation.

15. न्यायिक पुनरीक्षण की शक्ति न्यायपालिका को सरकार की अन्य दो शाखाओं की शक्तियों की सुरक्षा और पृथकता को कैसे सुनिश्चित करने में सहायता करती है ? **4**

How power of Judicial Review helps judiciary to safeguard and to ensure the separation of powers of the other two branches of the government in India ?

16. दो पड़ोसी देशों सोडोलैंड और बोरवे में ओलिव रिडली कछवों को न मारने के बारे में एक संधि थी । इस संधि की बाध्यताओं को पूरा करने के बारे में इन देशों में एक विवाद पैदा हो गया । 1946 में सोडोलैंड संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बन गया जबकि बोरवे संयुक्त राष्ट्र का सदस्य नहीं है । सोडोलैंड ने अपनी संधि बाध्यताओं को मानने से इनकार कर दिया । इससे खिन्न होकर बोरवे ने विवाद निपटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय न्यायालय से संपर्क किया ।

(क) क्या बोरवे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जा सकता है ? यदि हाँ, तो संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के किस प्रावधान के अंतर्गत ?

(ख) अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के कार्य क्षेत्र को स्पष्ट कीजिए । **4**

There was a treaty between two neighbouring countries 'Sodoland' and 'Borway', to stop the killing of Olive Ridly Turtle. A dispute arose between them regarding fulfilment of certain terms and conditions of this treaty obligation. Sodoland became member of United Nations in the year 1946 whereas Borway is not a member of United Nations. Sodoland refused to fulfil its treaty obligations. Aggrieved by this, Borway approached International Court of Justice to resolve this dispute.

(a) Can Borway approach International Court of Justice ? If yes, under which provision of United Nations charter ?

(b) Explain the jurisdiction of International Court of Justice.

17. विधिक सेवा प्रदान करने में राज्य सरकार के उत्तरदायित्व के संदर्भ में

(क) राज्य अधिकरण की संरचना क्या है ?

(ख) राज्य अधिकरण के किन्हीं चार प्रकार्यों का उल्लेख कीजिए । **4**

With regards to the responsibility of the State Government to provide legal aid service;

(a) What is the composition of state authority ?

(b) State any four functions of the state authority.

18. "एक सामान्य भ्रांत धारणा यह है कि जब अपराध की बात हो तो प्रयोजन (मोटिव) और इरादा (इंटेंशन) एक ही धारणा (कॉन्सेप्ट) हैं ।"

उपर्युक्त कथन पर विचार कीजिए तथा प्रयोजन तथा इरादा के सिद्धांत की व्याख्या दंड विधि के संदर्भ में कीजिए । साथ ही दोनों में एक अंतर का उल्लेख भी कीजिए । **4**

"A common misconception is that motive and intention are same concepts when it comes to crime."

Consider the statement given above and explain the concept of 'Intention' and a 'Motive' in terms of criminal law. Also give one difference between these two.

19. "1976 के 42वें संशोधन अधिनियम ने भारतीय न्यायपालिका के न्यायाधिकरण का युग प्रारंभ कर दिया ।" व्याख्या कीजिए । **4**

"$42^{nd}$ Amendment Act, 1976 ushered the era of tribunalisation in Indian Judiciary." Explain.

20. 26-11-2015 को दोपहर बाद 1 बजे बाबू लाल को निवारक नजरबंदी कानून महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ओर्गेनाइज्ड क्राइम ऐक्ट (मकोका), 1999 के अंतर्गत पुलिस ने गिरफ़्तार किया । उसे 28.11.2015 को दोपहर बाद 1 बजे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया । जब वह पुलिस की हिरासत में था तो उसे अपने वकील से परामर्श नहीं करने दिया गया । बाबूलाल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अंतर्गत इस आधार पर याचिका की प्रार्थना की कि अनुच्छेद 22 द्वारा प्रदत्त उसके मौलिक अधिकार का हनन हुआ है ।

(क) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) क्या अधिकारी (पुलिस) अपनी कार्रवाई में न्यायसंगत है ? अपने उत्तर में कारणों का उल्लेख कीजिए ।

(ग) अनुच्छेद 22 द्वारा संप्रेषित किसी एक मूल्य का उल्लेख कीजिए । **4**

Babulal was arrested and detained by police authorities on 26-11-2015 at 1 p.m., under the preventive detention law MACOCA (Maharashtra Control of Organised Crime Act, 1999). He was produced before the magistrate on 28-11-2015 at 1 p.m. He was not allowed to consult his lawyer during the period of detention in police custody Babulal applied for writ under Article 226 of the Indian Constitution on the ground that his fundamental right under Article 22 has been violated.

(a) State the provisions of Article 22 of the Indian Constitution.

(b) Are the authorities (police) justified in their action ? Give reasons for your answer.

(c) State any one value communicated by the provisions of Article 22.

21. अंतरराष्ट्रीय संधियों को घरेलू कानूनों में अंगीकार करने के लिए इंग्लेंड (यू.के.) 'रूपांतरण के सिद्धांत' का अनुसरण करता है । भारत में भारतीय संविधान में देश पर लागू होने वाली संधि बाध्यताओं को लागू करने का प्रावधान है ।

(क) 'रूपांतरण सिद्धांत' (डॉक्ट्रिन ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन) और इसके प्रयोग की व्याख्या कीजिए ।

(ख) किन्हीं दो निर्णीत केस लॉज़ के संदर्भ में किसी संधि को लागू करने के बारे में भारतीय संविधान के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए । **5**

For adoption of International Treaties into domestic law United Kingdom (UK) follows the 'Doctrine of Transformation'. In India the constitution has the provision for implementation of treaty obligation applicable to the country.

(a) Explain the Doctrine of Transformation and its application.

(b) State the Indian constitution provision for the implementation of a treaty with reference of any two decided case laws.

22. नीचे दी गई स्थितियों पर विचार कीजिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) चिराग हर्षित को हानि पहुँचाने के उद्देश्य से उस पर एक लोहे की गेंद फेंकता है और हर्षित द्वारा गेंद की दिशा से अपना सिर हटा लेने के कारण उसका सिर बच जाता है ।

(ख) निमित जानबूझ कर अपने कार्यालय भवन की पंद्रहवीं मंज़िल पर स्थित भंडार कक्ष में गरिमा को बंद कर देता है और गरिमा जानती है कि वह फँस गई है ।

(ग) साहिल ने फेसबुक पर जानवी को एक मैत्री अनुरोध भेजा और जानवी ने उसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि उसे रुचि नहीं थी । इसके बाद साहिल उसे अवांछित संदेश भेजने लगा और फोन करने लगा ।

(घ) दस मित्रों का एक समूह एक म्यूजियम देखने गया । इस समूह के एक लड़के गगन ने वाणी नाम की एक लड़की के कुछ फोटो उसकी अनुमति के बिना खींचे जो उन्हीं के समूह की थी और बाद में बिना उसकी अनुमति के उन फोटो को फेसबुक की टाइम लाइन में पोस्ट कर दिया ।

(i) ऊपर दी गई स्थितियों में जानबूझ कर पहुँचाई गई क्षति (इंटेंशनल टॉर्ट) की पहचान कीजिए ।

(ii) ऊपर प्रश्न (i) में पहचानी गई जानबूझ कर पहुँचाई गई क्षति के किन्हीं दो प्रकारों को स्पष्ट कीजिए । **5**

Consider the given situations and answer the questions that follows :

(a) Chirag intending to harm Harshit throws an iron ball at Harshit and misses his head as Harshit moves his head away from the direction of the iron ball.

(b) Nimit intentionally locks Garima in a store room on $15^{th}$ floor of their office building and Garima knows that she is trapped.

(c) Sahil sent a friend request to Jhanvi on Facebook and Jhanvi reject his friend request as she was not interested. Later on Sahil started sending her unwanted messages and phone calls.

(d) Group of 10 friends visited a museum. One of the boy named Gagan (of this group) clicked few photographs of a girl named Vaani (of this group) without her consent and later on posted those photographs on his Facebook timeline without her permission.

(i) Identify the type of intentional tort in situations given above.

(ii) Explain any two types of intentional tort identified above in part (i) of the question.

23. भारत और इंग्लेंड (यू.के.) में विधिक शिक्षा से संबंधित नियमों की तुलना कीजिए । **5**

Compare the rules regarding Legal Education in India and The United Kingdom.

24. निम्नलिखित स्थितियों पर विचार कीजिए और कारण देते हुए स्पष्ट कीजिए कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 के अंतर्गत दिए गए मौलिक अधिकार का हनन हुआ है या नहीं :

(क) सचिन से संपत्ति चुराने के आरोप में अर्पित पर अभियोग चलाया गया और सजा हुई । बाद में उन्हीं तथ्यों के आधार पर अर्पित पर डकैती का अभियोग चलाया गया ।

(ख) नंदिनी पर एक संसद सदस्य की हत्या का आरोप लगाया गया । पुलिस की जाँच के दौरान नंदिनी को कुछ प्रश्नों की सूची दे दी गई । उसने उन प्रश्नों का उत्तर देने से इनकार कर दिया । क्या वह अपनी इच्छा के विरुद्ध उत्तर देने के लिए बाध्य है ? **5**

Consider the following situations and explain by giving reasons, whether any fundamental rights has been violated or not under Article 20 of the Indian Constitution.

(a) Arpit was charged and convicted of theft of property from Sachin. Arpit was subsequently charged and tried for robbery on the same facts.

(b) Nandini was charged with the offence of murder of a Member of Parliament (M.P.). During the police investigation, a list of questions was provided to Nandini. She refused to answer those questions. Is she bound to answer, against her wishes ?

25. यशु ने, जो चंडीगढ़ का एक विद्यार्थी था, मून लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को एक पॉलिसी के लिए संपर्क किया जो आगे की पढ़ाई के लिए सं. रा. अमेरिका में एक विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने में उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति करें । उसने एक लाख रुपए का प्रीमियम दिया और सं.रा. अमेरिका के लिए प्रस्थान किया । जब वह सं.रा. अमेरिका पहुँचा तो उसे पता चला कि जो पॉलिसी उसके हाथ में है वह व्यर्थ है क्योंकि उसे विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है । मून लाइफ इंश्योरेंस कंपनीने इंश्योरेंस पॉलिसी को बेचने के लिए यह महत्त्वपूर्ण जानकारी छिपाई कि उनकी पॉलिसी को विदेशों में मान्यता प्राप्त नहीं है ।

(क) भारत में लोकपाल (ओम्बड्समैन) की पहचान कीजिए और इंश्योरेंस तथा बैंकिंग से संबंधित शिकायतों की जाँच करे और उन्हें हल करें ।

(ख) क्या यशु इस लोकपाल (ओम्बड्समैन) के पास जा सकता है क्योंकि मून लाइफ़ इंश्योरेंस कंपनी एक प्राइवेट कंपनी है ? अपने उत्तर में तर्क दीजिए ।

(ग) लोकपाल (ओम्बड्समैन) विवाद समाधान की किस विधि का अनुसरण करेगा ?

(घ) भारत में लोकपाल (ओम्बड्समैन) का एक लाभ और एक सीमा का उल्लेख कीजिए । **6**

Yashu, a student from Chandigarh, had approached Moon Life Insurance Company to get a policy that catered to the requirements of his admission to a University in U.S.A. for further studies. He paid a premium amount of ₹ 1 lakh and left for U.S.A. On reaching U.S.A., he realized that the policy that he is holding in his hands is worthless, as it is not recognized by the University. Moon Life Insurance Company in spirit of selling an insurance policy withheld crucial information that their policy is not valid overseas.

(a) Identify the 'Ombudsman' with in India to investigate and resolve complaints related to Insurance and banking.

(b) Can Yashu approach this ombudsman as Moon Life Insurance is a private company ? Give reasons for your answer.

(c) What method of dispute resolution is followed by the Ombudsman ?

(d) Give one advantage and one limitation of an ombudsman in India.

26. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति तथा जनजाति आयोग की शक्तियों, प्रकार्यों और शिकायत निवारण तंत्र को समझाइए । **6**

Explain the powers, functions and complaint mechanism of National Commission for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

27. रतनसिंह ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304B (दहेज मृत्यु) के अंतर्गत एक अपराध किया जिसके लिए निर्धारित दंड है एक समय सीमा के लिए कैद, जो सात साल से कम नहीं होगी किंतु आजीवन कारावास तक बढ़ाई जा सकती है ।

(क) उपर्युक्त स्थिति में आपराधिक मुकदमा के प्रकार की पहचान कीजिए ।

(ख) ऊपर पहचाने गए आपराधिक मुकदमे के प्रकार के विभिन्न चरणों की पहचान कीजिए । **6**

Ratan Singh committed an offence u/s 304 B (Dowry Death) of Indian Penal Code for which the prescribed punishment is imprisonment for a term, which shall not be less than seven years but may extend to imprisonment for life.

(a) Identify the type of Criminal Trial in the above mentioned situation.

(b) Explain the various stages of criminal trial identified above.

28. "जब कोई व्यक्ति एडवोकेट बनता है, तो उसका आम लोगों से व्यवहार सामान्य कानूनी नियमों से नियंत्रित होता है, किंतु एडवोकेट के रूप में उसके आचरण पर भारतीय विधिज्ञ परिषद के व्यावसायिक नीतिशास्त्र के विशेष नियमों का नियंत्रण होता है ।"

उपर्युक्त कथन के आलोक में निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

(क) भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा निर्धारित एक एडवोकेट के कर्तव्य और उत्तरदायित्व

(ख) कानूनी पेशेवरों के द्वारा विज्ञापन के बारे में भारतीय विधिज्ञ परिषद द्वारा निर्धारित नियम **6**

'When a person becomes an advocate his relation with people in general is governed by the general rules of law but his conduct as an advocate is governed by the special rules of professional ethics of Bar Council of India.'

In the light of the above statement, answer the following :

(a) Duties and Responsibilities of an advocate, as laid down by the Bar Council of India.

(b) Rules regarding advertisement by Legal Professionals, as laid down by the Bar Council of India.

29. किसी लक्ष्मीकांत पांडे ने सर्वोत्तम न्यायालय में 'नन्हीं खुशियाँ' नामक एक सामाजिक संगठन के विरुद्ध याचिका दायर की । यह संस्था विदेशी माता-पिता को गोद लेने के लिए भारतीय बच्चें देने के काम में लगी थी । यह आरोप लगाया गया कि गोद लेने की आड़ में मासूम उम्र के भारतीय बच्चों को दूर स्थित देशों की डरावनी यात्राओं न केवल जान का खतरा था बल्कि यदि वे जीवित बच भी जाएँ तो उन्हें आश्रय या राहत के लिए घर भी नहीं उपलब्ध कराए जा रहे थे और आगे चलकर वे उचित देखभाल न होने से भिखारी या वेश्यावृत्ति अपना ले रहे थे । यह भी आरोप था कि यह सामाजिक संस्था कुछ अन्य स्वैच्छिक संगठनों के साथ ऐसे अनियमित कामों में संलिप्त थी ।

(क) क्या कोई व्यक्ति या संगठन उन लोगों की ओर से सर्वोत्तम न्यायालय के समक्ष जा सकता है जो स्वयं न्यायालय तक जाने में समर्थ न हों ? यदि "हाँ", तो इस प्रकार की न्यायिक सक्रियता की पहचान और व्याख्या कीजिए ।

(ख) इस प्रकार के न्यायिक सक्रियता (जूडिशियल ऐक्टीविज़्म) को कैसे याचित (इनवोक) किया जा सकता है ?

(ग) इस प्रकार की न्यायिक सक्रियता की दो विशेषताएँ लिखिए । **6**

One Lakshmi Kant Pandey filed a petition in the Apex Court against a social organization named 'Nanhi Khushiyaan'. The organization was engaged in offering Indian children in adoption to foreign parents. It was alleged that in the guise of adoption Indian children of tender age were not only exposed to the long dreadful journey to distant foreign countries at great risk to their lives but in case they survive they were not provided any shelter and relief homes and in course of time they become beggars or prostitutes for want of proper care. It was also alleged that this social organization is indulged in these malpractices with few other voluntary agencies.

(a) Can any person / organization approach the Apex Court on behalf of a group of persons who are unable to approach the court for relief ?

If yes, identify and explain this kind of Judicial Activism.

(b) How can this kind of judicial activism be invoked ?

(c) State any two characteristics of this kind of judicial activism.

30. अपने नागरिकों को विधिक सेवाएँ प्रदान करने के लिए केन्द्रीय अभिकरण, राज्य अभिकरण और ज़िला अभिकरण को निधि (फंड्स) उपलब्ध कराने के लिए भारत में क्या प्रावधान किए गए हैं ? **6**

What provisions have been made in India to provide funds to the Central Authority, State Authority and District Authority for providing Legal Services to its citizens ?